४. राहुल की कल्पना

I. प्रश्न उत्तर

प्र.१. राहुल आकाश में क्यों घूमना चाहता है ?

उ. राहुल गौतम बुध्द का पुत्र था । गौतम बुध्द सिध्दि प्राप्त करने के उद्देश्य से महल और राज्य के वैभव का त्यागकर रात्रि के समय अपनी पत्नी और पुत्र को सोते हुए छोड़कर वन में चले गये थे । उनको याद करके माता यशोधरा दुःखित होती रहती थी । अपनी माता के दुःख को दूर करने के लिए अपने पिता को ढूँढकर घर लाने की बत सहज की कल्पना करता है । इसलिए राहुल पक्षियों की भाँति आकाश में मंडल बनाकर घूमना चाहता है ।

प्र.२. राहुल को निराश क्यों होना पड़ता है ?

उ. अपने पिता को जंगल में ढूँढने के लिये राहुल आकाश में उड़ना चाहता है कि उसे पिताजी किस वन में बैठकर तपस्या कर रहे हैं । वह अपने पिताजी से मिलकर उन्हें समझना बुझनाकर घर वापस लाना चाहता है । परन्तु उसे निराश होना पड़ता है । क्योंकि पक्षियों के समान उसके पंख नहीं है । बिना पंखों के वह आसमान में ऊँची उड़ान कैसे भर सकता है? इसलिये उसके सब विचार व्यर्थ है । राहुल का जब कल्पना लोक से निकल कर वास्तविकता से परिचय, हुआ तो पंख न होने के कारण राहुल को निराश होना पड़ा ।

प्र.३. 'राहुल की कल्पना' कविता का सारांश लिखिए ।

उ. **'राहुल की कल्पना'** कविता ''श्री मैथिली शरण गुप्त'' द्वारा रचित यशोधरा नामक काव्य से ली गयी है । मैथिली शरण गुप्त जी हिन्दी के राष्ट्रकवि माने जाते हैं । गुप्त जी ने इतिवृत्तात्मक कविताएँ ही अधिक लिखी। कविता का सारांश इस प्रकार है -
राहुल गौतम बुध्द का पुत्र था । गौतम बुध्द सिध्दि प्राप्त करने के उद्देश्य से महल और राज्य के वैभव का त्यागकर रात्रि के समय अपनी पत्नी और पुत्र को सोते हुए छोड़कर वन में चले गये थे । उनको याद करके उनकी पत्नी यशोधरा दुःखी होती हैं । गौतम बुध्द का पुत्र राहुल अपनी माता के दुःख को दूर करने के लिए अपने पिता को घर वापस लाने की कल्पना इस प्रकार करता है कि यदि उसे भी पक्षी के समान पंख होते तो वह एक ही उड़ान में आकाश में उड़ जाता । वहाँ मंडल बना कर घूमता और

देखता कि पिताजी किस वन में बैठकर तप कर रहे हैं । उनके पास जाकर कहता कि पिता जी उठिये । अब तो घर चलिए। पूज्य दादा जी भी उसकी बात अवश्य मानते हैं । लेकिन पक्षियों की तरह राहुल के पंख नहीं हैं इस कारण उसके सब विचार व्यर्थ हैं । मनुष्य पक्षियों से भी गये बीते हैं ।

इस कविता में विशेष रुप से यह भावना प्रकट होती है कि मानव ने विज्ञान के कारण सब प्राणियों में उन्नत शिखर प्राप्त किया हैं किन्तु कई विषयों में वह पशु पक्षियों से भी गया बीता है क्योंकि पक्षी स्वयं पंख होने के कारण अपनी इच्छानुसार कहीं भी जा सकते हैं । लेकिन मनुष्य पंखों के अभाव में ऐसा नही कर सकता । इसमें पितृ भक्ति और निराशा की भावना विशेष रुप से प्रकट होती है ।

I. पर्यायवाची शब्द लिखिए ।

१. विहंग - पक्षी, खग

२. गगन - आकाश, अम्बर

३. माता - जननी, माँ

II. वचन ब्दलिए ।

१.	मैं	-	हम	४. माता	-	माताएँ
२.	वे	-	वह	५. पक्षी	-	पक्षियाँ
३.	उसे	-	उन्हें			

III. लिंग ब्दलिए ।

१.	दादा	-	दादी	३. भाई	-	बहन
२.	माता	-	पिता	४. राजा	-	रानी

IV. व्याकरण की दृष्टि से रेखांकित शब्द क्या है ?

१. गौतम बुध्द संत पुरुष थे । (संज्ञा)

२. राहुल आकाश में उड़ना चाहता था । (क्रिया)

३. मैं राहुल हूँ । (सर्वनाम)

४. एक ही उड़ान में ऊँचा चढ़ जाता । (विशेषण)

V. वस्तुनिष्ठ प्रश्न ।

१. "राहुल की कल्पना" नामक कविता के कवि कौन है ?

उ. "श्री मैथिली शरण गुप्त"

२. मैथिली शरण गुप्त का जन्म कब हुआ ?

उ. १८८६ में ।

३. ''राहुल की कल्पना'' कविता किस ग्रंथ से ली गई है ?

उ. यशोधरा ।

४. मैथिली शरण गुप्त जी अपने युग के कैसे कवि थे ?

उ. प्रतिनिधि कवि

५. गौतम बुध्द जंगल में क्यों गये ?

उ. सिध्दि प्राप्त करने ।

६. राहुल के पिता कौन थे ?

उ. गौतम बुध्द

७. मैथिली शरण गुप्त जी ने किस प्रकार की कविताएँ लिखी है ?

उ. इतिवृत्तात्मक

८. मैथिली शरण गुप्त जी को क्या माना जाता है ?

उ. राष्ट्र कवि

९. राहुल घूमकर किसे देखना चाहता था ।

उ. पिता गौतम बुध्द

१०. राहुल की बात कौन मानते है ?

उ. उसके पितामह

११. राहुल आकाश में कैसे घूमना चाहता था ?

उ. मंडल बनाकर

१२. बिना पंखों के राहुल के विचार कैसे है ?

उ. गये बीते ।

१३. मैथिली शरण गुप्त जी की मृत्यु कब हुई ?

उ. १९६४ में ।

१४. राहुल किसके समान उड़ना चाहता था ?

उ. पक्षी

१५. राहुल कहाँ घूमना चाहता था ?

उ. आकाश में ।

***